श्रावण मास, कृष्ण पक्ष 1 वर्ष, अंक 153, पृष्ठ 4, मूल्य 1.00

# अखण्ड भारत सन्देश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज शुक्रवार, 8 जनवरी, 2021

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान की एक अनुपम भेंट

## बुलंदशहर में जहरीली शराब पीने से चार लोगों की मौत, पांच गंभीर

**वेस्ट यूपी में शराब ने एक बार फिर कहर बरपाया है। बुलंदशहर में सिकंदरबाद के गांव जीतगढ़ी में जहरीली शराब पीने से चार लोगों की मौत हो गई है। जबकि पांच लोगों को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पूरे गांव में अफरातफरी का माहौल है।**





**बुलंदशहर, जेएनएन।** बुलंदशहर जिले में सिकंदरबाद के गांव जीतगढ़ी में जहरीली शराब ने जमकर कहर बरपाया है। यहां जहरीली शराब पीने से चार लोगों की मौत हो गई जबकि 5 लोग की हालत नाजुक बनी हुई है। इन सभी ने गांव में ही बिक रही शराब खरीदी थी। चार की मौत के बाद पूरे गांव में कोहराम मचा हुआ है जबकि उन पांचों को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। अभी शराब बेचने वाला कोई भी पकड़ में नहीं आया है।

जिले के गांव जीतगड़ी निवासी 35 साल के सतीश, 40 साल के कलुआ, रंजीत तथा 60 साल के सुखपाल सहित नौ लोगों ने गांव में ही एक ग्रामीण से शराब खरीदी थी। रात को शराब पीने के बाद यह सभी अपने अपने घर जाकर सो गए। बताया जा रहा है कि आधी रात के बाद इन सबकी हालत बिगड़ने लगी।

इनमें से सतीश, कलुआ, रंजीत तथा सुखवाल ने अस्पताल पहुंचने से पहले ही दम तोड़ दिया जबकि बाकी पांच को अस्पताल ले जाएगा पांचो की हालत भी नाजुक है जिन्हें दिल्ली रेफर कर दिया गया। जहरीली शराब सेवन से हुई मौत के बाद यहां से लेकर लखनऊ तक हड़कंप मच गया। पुलिस और प्रशासनिक टीम गांव पहुंच गई और परिवार से पूरी घटना की जानकारी लेने में जुट गई है। शराब को बेचने वाला अभी पकड़ से बाहर है।

### बर्ड फ्लू : एमपी में पोल्ट्री फार्म्स को जारी की गई गाइडलाइन, दक्षिणी राज्यों से आने वाले चिकन पर भी रोक

**भोपाल, एएनआइ।** बर्ड फ्लू के कारण बढ़ रही मुश्किलों के बीच मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि पोल्ट्री फार्म को दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। बता दें कि पिछले दिनों में बर्ड फ्लू के कारण कई पक्षियों की मौत हो गई है, जिसके चलते केंद्र और राज्य सरकारें काफी चिंतित हैं। इसके मद्देनजर सरकार ने कई सख्त कदम उठाए हैं। शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि बर्ड फ्लू के चलते पोल्ट्री फार्म्स को गाइडलाइन जारी कर दी गई हैं। इसके अलावा, उन्होंने यह भी बताया कि राज्य सरकार ने दक्षिणी राज्यों से एमपी में चिकन की सप्लाई अगले 10 दिनों तक के लिए बंद कर दी है। उन्होंने कहा कि सरकार सावधानी बरत रही है। अब तक आठ जिलों में बर्ड फ्लू की पुष्टि हो चुकी है। अभी 12 जिलों से लिए गए सैंपल की रिपोर्ट आना बाकी है। प्रभावित क्षेत्र में एक किमी के दायरे में मुर्गी बाजार बंद होंगे और नौ किमी तक की निगरानी जाएगी। इंदौर, मंदसौर और आगर-मालवा में कुछ दिन पहले इसकी पुष्टि हुई थी। नीमच, खंडवा, देवास, खरगोन और गुना जिले से लिए गए सैंपल में बर्ड फ्लू की पुष्टि गुरवार को हुई। 12 जिलों के सैंपल की रिपोर्ट आना बाकी है।

## बर्ड फ्लू के कारण देश के कई राज्यों में दहशत का माहौल



**नई दिल्ली, एएनआइ।** कोरोना वायरस संक्रमण से जारी संघर्ष के बीच अब विभिन्न राज्यों में बर्ड फ्लू का संक्रमण फैल रहा है जिससे निपटने के लिए उपाय किए जा रहे हैं। देश के कई राज्यों में पोल्ट्री, कौव्वों, प्रवासी पक्षियों की मृत्यु दर से हालात बिगड़ गए हैं। इस संक्रमण के मद्देनजर केंद्रीय मंत्री संजीव बालयान ने बताया कि राजस्थान, हरियाणा, मध्य प्रदेश और केरल में भी बर्ड फ्लू की पुष्टि हो चुकी है और बढ़ते मामलों को देखते हुए केंद्र सरकार ने दिल्ली में कंट्रोल रूम बनाया है, जो राज्यों के साथ संपर्क में रहेगा।

पिछले 10 दिनों की अवधि में मरने वाले पक्षियों का आंकड़ा 15 लाख के करीब पहुंच चुका है। केवल हिमाचल प्रदेश में बर्ड फ्लू से 3000 प्रवासी पक्षियों की मौत हो गई।

## वर्चस्व की लड़ाई में ठेकेदार की सरेआम गोली मारकर हत्या




**रायबरेली, जेएनएन।** उत्तर प्रदेश के रायबरेली में एक ठेकेदार की उसके घर के सामने ही गोली मारकर हत्या कर दी गई। दुस्साहसिक अपराधियों ने दहशत फैलाने के लिए कई राउंड हवाई फायरिंग भी की। इससे पूरे इलाके में दहशत फैल गई। पता चला है कि वर्चस्व की लड़ाई में इस दुस्साहसिक वारदात को अंजाम दिया गया।

घटना कोतवाली नगर के अंदरूनी किला मुहल्ले में गुरुवार की शाम करीब आठ बजे हुई। यहां मोहम्मद यूसा पुत्र मोहम्मद जुबेर ठेकेदारी करता था। इसी को लेकर उसकी शहर के ही एक ठेकेदार से तनातनी चल रही थी। रात करीब आठ बजे यूसा अपने दरवाजे बनी नकवी मार्केट, गुलाब रोड पर बैठा था। इसी बीच 20-25 युवक वहां पहुंचे और यूसा की कनपटी से पिस्टल सटाकर गोली मार दी। जब तक स्थानीय लोग कुछ समझ पाते, हमलावर हवाई फायरिंग करते हुए भाग निकले। घायल को तुरंत अस्पताल लाया गया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। उसके बड़े भाई राफे ने बताया कि यूसा पहले फुरकान नाम के ठेकेदार के साथ काम करता था। कुछ माह पहले ही उसने उनके यहां काम छोड़ दिया और दूसरे के साथ रहने लगा। इसी बात को लेकर फुरकान उससे रंजिश मानता था। दोपहर में यूसा से छोटे भाई दानिश के साथ फुरकान और उनके साथियों ने झगड़ा किया था। पहले भी उसको जान से मारने की धमकी मिल रही थी। पीड़ित भाई ने चार-पांच आरोपितों के नाम पुलिस को बताए हैं।

अस्पताल पहुंचे सीओ अंजनी चतुर्वेदी ने शहर कोतवाल अतुल सिंह और उनकी टीम को हमलावरों की अतिशीघ्र गिरफ्तारी के आदेश दिए हैं। प्रारंभिक जानकारी लेने के बाद एएसपी विश्वजीत श्रीवास्तव, सीओ मौका-ए-वारदात पर पहुंचे और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान लिए। तहरीर न मिलने के कारण अभी रिपोर्ट नहीं लिखी गई है।

## सरकार के साथ वार्ता आज, किसानों ने ट्रैक्टर मार्च निकाल कर बनाया दबाव

**केंद्र सरकार और किसान संगठनों के बीच शुक्रवार को आठवें दौर की बातचीत होगी। इस बातचीत का क्या नतीजा निकलेगा यह तो वक्त बताएगा लेकिन किसान संगठनों ने आज गुरुवार को दिल्ली एनसीआर के अलग अलग इलाकों में ट्रैक्टर रैलियां निकाल कर सरकार को अपने रुख से अवगत करा दिया।**



**नई दिल्ली, एजेंसियां।** केंद्र सरकार और किसान संगठनों के बीच शुक्रवार को आठवें दौर की बातचीत होगी। इस बातचीत का क्या नतीजा निकलेगा यह तो वक्त बताएगा लेकिन किसान संगठनों ने आज गुरुवार को दिल्ली एनसीआर के अलग अलग इलाकों में ट्रैक्टर रैलियां निकाल कर सरकार को अपने रुख से अवगत करा दिया। प्रदर्शन कर रहे किसान संगठनों ने कहा कि सरकार यदि मसले का समाधान नहीं निकालती तो आगे उनका आंदोलन और तेज होगा। उन्होंने कहा कि 26 जनवरी को हरियाणा, पंजाब और उत्तर प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से राष्ट्रीय राजधानी में आने वाले ट्रैक्टरों की प्रस्तावित परेड के लिए यह एक रिहर्सल था।

किसानों ने प्रदर्शन स्थल सिंघू, टिकरी और गाजीपुर बॉर्डर और हरियाणा के रेवासन में ट्रैक्टर रैली निकाली। भारतीय किसान यूनियन (एकता उगराहां) के प्रमुख जोगिंदर सिंह उगराहां के मुताबिक, 3500 से ज्यादा ट्रैक्टरों और ट्रॉलियों के साथ किसानों ने मार्च में हिस्सा लिया। किसानों ने कहा कि सरकार ने यदि उनकी मांगें नहीं मानीं तो 26 जनवरी को भी ट्रैक्टर परेड आयोजित की जाएगी। यह मार्च उसी का ट्रेलर है।

केंद्र सरकार और किसान संगठनों के बीच शुक्रवार को आठवें दौर की बातचीत होनी है। किसानों का कहना है कि सरकार को उनकी बात माननी होगी। बीते सोमवार को किसान संगठनों और तीन केंद्रीय मंत्रियों के बीच सातवें दौर की बैठक बेनतीजा रही थी। अब तक की बैठकों में केवल दो मसलों पर सहमति बन पाई है। पेंच नए कृषि कानूनों को वापस लेने और टरढ पर अलग कानून बनाने की मांग पर फंसा है।

किसान कृषि कानूनों को वापस लेने, फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कानूनी गारंटी देने समेत अन्य मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। वहीं सरकार का कहना है कि नए कृषि कानूनों से बिचौलिए की भूमिका खत्म होगी और किसान अपनी उपज देश में कहीं भी बेच सकेंगे। वहीं प्रदर्शन कर रहे किसान संगठनों को डर है कि नए कानूनों से एमएसपी का सुरक्षा कवच खत्म हो जाएगा और खेती बड़े कारपोरेट हाथों में चली जाएगी।

आंदोलन के 43 दिन बीत चुके हैं लेकिन समाधान नहीं निकल पाया है। भारतीय किसान यूनियन के प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा कि हमारे किसान भाइयों ने गुरुवार को ट्रैक्टर रैली निकालकर ट्रेनिंग ली ताकि 26 जनवरी के दिन ट्रैक्टर रैली की परेड निकाली जा सके। 26 जनवरी के दिन ट्रैक्टर और टैंक एकसाथ चलेंगे। ट्रैक्टर दो लाइन में चलेंगे और टैंक एक लाइन में चलेगा...

गुरुवार को आयोजित विरोध मार्च में बड़ी संख्या में महिलाएं ट्रैक्टर चलाती नजर आईं। सिंघू से टिकरी बॉर्डर, टिकरी से कुंडली, गाजीपुर से पलवल और रेवासन से पलवल की तरफ ट्रैक्टर रैलियां निकाली गईं। किसानों का कहना है कि गणतंत्र दिवस के मौके पर ट्रैक्टर मार्च की अगुआई महिलाएं करेंगी। इसको लेकर तैयारियां तेज हैं... बड़ी संख्या में महिलाएं ट्रैक्टर चलाने का प्रशिक्षण ले रही हैं।

वहीं सूत्रों का कहना है कि सरकार की ओर से आंदोलनकारी किसानों के समक्ष एक ऐसा प्रस्ताव पेश किया जा सकता है, जिसमें इन कानूनों को लागू करने का अधिकार राज्यों पर छोड़ा जा सकता है। इसमें राज्यों की भूमिका के साथ कुछ शर्तें भी जोड़ी जा सकती हैं। दूसरा प्रस्ताव कृषि कानूनों की समीक्षा के लिए विशेषज्ञों की समिति का गठन हो सकता है। विस्तृत रिपोर्ट पढ़ें- कानूनों को लागू करने का अधिकार राज्यों पर छोड़ सकती है सरकार।

इस बीच सुप्रीम कोर्ट ने किसानों के जमावड़े पर चिंता जताते हुए कठोर टिप्पणी की है। शीर्ष अदालत ने गुरुवार को केंद्र से सवाल किया कि क्या ये किसान कोराना संक्रमण से सुरक्षित हैं। कोरोना पर अंकुश पाने के लिए बने दिशा निदेशों का पालन होना चाहिए। सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने केंद्र से कहा कि आपको हमें बताना चाहिए कि क्या हो रहा है। अब इस मामले में 11 जनवरी को सुनवाई होगी। वहीं पंजाब के मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने कृषि कानूनों के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाने की बात कही है।

## देश के सभी 25 हाई कोर्टों में अब नियमित मुख्य न्यायाधीश



**नई दिल्ली, प्रेट्र।** उत्तराखंड हाई कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुधांशु धूलिया गुरुवार को पदोन्नत कर गौहाटी हाई कोर्ट के नए मुख्य न्यायाधीश बनाए गए। सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में उनके नाम की सिफारिश की थी। जस्टिस धूलिया की इस नियुक्ति के साथ ही अब देश के सभी 25 हाई कोर्टों को नियमित मुख्य न्यायाधीश मिल गए हैं। हाल तक कुछ हाई कोर्टो में कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश थे।

पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस एस. मुरलीधर को हाल ही में पदोन्नत कर ओड़िशा हाई कोर्ट का मुख्य न्यायाधीश बनाया गया। इसी तरह, दिल्ली हाई कोर्ट की जस्टिस हीमा कोहली तेलंगाना हाई कोर्ट की मुख्य न्यायाधीश बनाई गई और इलाहाबाद हाई कोर्ट के जस्टिस पंकज मित्थल जम्मू-कश्मीर तथा लद्दाख हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश बनाए गए।

हालांकि सुप्रीम कोर्ट में जजों के चार पद खाली हैं और इन्हें भरने के लिए विधि मंत्रालय को कोलेजियम की ओर से सिफारिश का इंतजार है। इनमें पहली रिक्ति नवंबर 2019 में प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई के सेवानिवृत्त से हुई थी। उनके बाद तीन और रिक्तियां जस्टिस दीपक गुप्ता, आर. भानुमति तथा अरुण मिश्रा की सेवानिवृत्ति से हुईं। शीर्ष अदालत में जजों के कुल 34 पद स्वीकृत हैं, जिनमें फिलहाल 30 जज ही पदस्थ हैं।

## बुलंदशहर में पुलिस की बेरिकेडिंग तोड़कर दिल्ली के लिए निकले किसान



**बुलंदशहर, जेएनएन।** गुरुवार को दिल्ली में जारी किसान आंदोलन में ट्रैक्टर परेड रिहर्सल में शामिल होने की तैयारियों में जुटे भाकियू पदाधिकारियों को पुलिस ने रातभर नजर बंद रखा। गुरुवार की शाम तक पुलिस भाकियू पदाधिकारियों के घरों पर तैनात रही और जिला प्रशासनिक अधिकारी, एसपी सिटी, एसपी देहात पुलिस फोर्स के साथ किसानों को दिल्ली जाने से रोकते रहे। हालांकि पुलिस को चकमा देकर सैकड़ों किसान ट्रैक्टर सहित दिल्ली के लिए रवाना हो गए। भूड चौराहे पर सीओ सिटी और भाकियू मंडल प्रभारी मांगेराम त्यागी की नोकझोंक भी हुई। इसके बाद ट्रैक्टर लेकर किसान दिल्ली की ओर रवाना हो गए।

नए कृषि कानून के विरोध में किसान दिल्ली में डटे हैं। आंदोलनरत किसानों ने 26 जनवरी को दिल्ली में ट्रैक्टरों से परेड देने की घोषणा की है। इसके मद्देनजर दिल्ली में किसान ट्रैक्टरों से परेड का रिहर्सल कर रहे हैं। जनपद से गुरुवार को ट्रैक्टर लेकर दिल्ली जाने की तैयारियों को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट रहा और रात में मंडल प्रभारी मांगेराम त्यागी के घर एसडीएम, एसपी सिटी और थाना प्रभारी पुलिस फोर्स के साथ पहुंचे और उन्हें नजरबंद कर दिया गया। इसके साथ ही युवा विंग के अध्यक्ष शैलू आर्य, ऊंचागांव ब्लॉक अध्यक्ष यशंवत सिंह राणा निवासी रघुनाथपुर, औरंगाबाद नगर अध्यक्ष सुनील लोधी, युवा युवा के जिलाउपाध्यक्ष सोनू चौधरी निवासी पसौली और जहांगीराबाद ब्लाक के युवा विंग के अध्यक्ष सूरज सिंह निवासी आंझनी को भी नजरबंद किया है। गुरुवार को दोपहर बाद पुलिस हटाई गई लेकिन इसके बाद सैकड़ों ट्रैक्टर दिल्ली आंदोलन में शामिल होने के लिए निकल गए।

मंडल प्रभारी मांगेराम त्यागी कार्यकताओं के साथ ट्रैक्टर लेकर रवाना हुए। भूड़ चौराहे पर तैनात सीओ सिटी संग्राम सिंह ने उन्हें रोक लिया। सीओ सिटी और भाकियू कार्यकताओं के बीच नोकझोक भी हुई। सीओ सिटी ट्रैक्टर के आगे खड़े हो गए और बोले, मेरे ऊपर ट्रैक्टर चढ़ा दो लेकिन दिल्ली नहीं जाने दूंगा। काफी नोकझोंक के बाद पुलिस बैकफुट पर आई और किसान दिल्ली के लिए रवाना हो गए।

भाकियू कार्यकर्ता और दिल्ली जाने वाले किसान किसी भी प्रकार का अपराध नहीं कर रहे हैं। अपनी आवाज उठाने का सभी को अधिकार है। पुलिस अब किसानों पर अत्याचार करने से भी नहीं चूक रही है। पुलिस के सख्त रवैये से यदि कहीं टकराव हुआ तो उसकी जिम्मेंदारी खुद पुलिस होगी, किसान नहीं।

**-मांगेराम त्यागी, भाकियू मंडल प्रभारी।**

## लद्दाख में सिंधु नदी पर आठ जल विद्युत परियोजनाओं को मंजूरी, 144 मेगावाट होगी क्षमता

**नई परियोजनाओं में अब तक निर्मित परियोजनाओं की तुलना में कहीं अधिक क्षमता होगी। उन्होंने कहा कि पिछले साल लद्दाख को एक अलग केंद्र शासित प्रदेश घोषित किए जाने के बाद इन नई परियोजनाओं को केंद्रीय जल आयोग और साथ ही सिंधु आयुक्त द्वारा मंजूरी प्रदान की गई है।**



**नई दिल्ली, प्रेट्र।** सरकार ने लद्दाख में सिंधु और उसकी सहायक नदियों पर 144 मेगावाट की आठ जल विद्युत परियोजनाओं को मंजूरी प्रदान कर दी है। जल शक्ति मंत्रालय के सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अभी लद्दाख में सिंधु नदी पर 113 मेगावाट की सामूहिक क्षमता के साथ कई छोटी परियोजनाएं हैं। नई परियोजनाओं में अब तक निर्मित परियोजनाओं की तुलना में कहीं अधिक क्षमता होगी। उन्होंने कहा कि पिछले साल लद्दाख को एक अलग केंद्र शासित प्रदेश घोषित किए जाने के बाद इन नई परियोजनाओं को केंद्रीय जल आयोग और साथ ही सिंधु आयुक्त द्वारा मंजूरी प्रदान की गई है। ये परियोजनाएं लद्दाख के कारगिल और लेह जिलों में स्थापित की जाएंगी।

भौगोलिक स्थिति के कारण लद्दाख क्षेत्र में बड़ी जल विद्युत परियोजनाओं का निर्माण संभव नहीं है। अधिकारी ने बताया कि जिन परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है उनमें लेह में दुर्बुक श्योक (19 मेगावाट), शंकू (18.5 मेगावाट), निमू चिलिंग (24 मेगावाट), रोंगडो (12 मेगावाट), रतन नाग (10.5 मेगावाट) और कारगिल में मैंगडुम सांगरा (19 मेगावाट), कारगिल हुंडरमैन (25 मेगावाट) और तमाशा (12 मेगावाट) शामिल हैं। मौजूदा परियोजनाओं में से कई एक मेगावाट क्षमता से भी कम की हैं। अधिकारी ने कहा कि नई परियोजनाओं का निर्माण अन्य अनिवार्य मंजूरियां मिलने के बाद शुरू होगा। उन्होंने कहा, 'इन परियोजनाओं का डिजाइन केंद्रीय जल आयोग द्वारा सिंधु जल संधि के अनुपालन के अनुरूप प्रमाणित किया गया है। इन परियोजनाओं के डिजाइन के बारे में जानकारी संधि के प्रावधानों के अनुसार पाकिस्तान को प्रदान की जा रही है।'

### अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थान आयोग में सरकारी दखल खत्म करने की मांग

**नई दिल्ली, जागरण ब्यूरो।** सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थान आयोग में अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति में सरकारी दखलअंदाजी खत्म करने और नियुक्ति प्रधान न्यायाधीश (सीजेआइ) द्वारा गठित कमेटी की सिफारिश पर किए जाने की मांग पर केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया है। हालांकि कोर्ट ने याचिका लंबित रहने के दौरान सरकार को आयोग में नियुक्तियां करने से रोकने का अंतरिम आदेश देने से इन्कार कर दिया।जमीयत उलेमा ए हिंद ने सुप्रीम कोर्ट में यह याचिका दाखिल की है। इस पर जस्टिस एल. नागेश्वर राव, नवीन सिन्हा और इंदू मल्होत्रा की पीठ ने जमीयत के वकील वजीह शफीक की दलीलें सुनने के बाद सरकार को नोटिस जारी किया। याचिका में आयोग के महत्व को बताते हुए उसकी स्वायत्तता कायम रखने की मांग की गई है। कहा गया है कि कानून के मुताबिक आयोग के पास सिविल कोर्ट जैसे अधिकार हैं। आयोग द्वारा दिए गए आदेश अंतिम होते हैं और उन आदेशों को सिर्फ अनुच्छेद 226 और 227 के तहत हाई कोर्ट में चुनौती दी जा सकती है।

## संक्षेप समाचार

### निधन पर ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन ने जताया शोक

**शंकरगढ़।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के बैनर तले एक शोकसभा का आयोजन शंकरगढ़ में किया गया। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष अयोध्या प्रसाद केसरवानी अध्यक्षता में हुई शोकसभा में प्रदेश अध्यक्ष सौरभ कुमार की धर्मपत्नी के निधन पर शोक जताया गया। इस दौरान एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने दो मिनट का मौन रखकर आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की और दुःख की इस घड़ी को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की। शोकसभा में जिलाध्यक्ष के अलावा जिला महामंत्री दिगंबर त्रिपाठी, जिला कोषाध्यक्ष शिवमूरत केसरवानी, जिलामंत्री छेदीलाल साहू, जिला संगठन मंत्री आलोक गुप्ता, तहसील अध्यक्ष भइयन अली, गया प्रसाद सिंह, राम संजीवन मिश्रा, अमर सिंह, सुधीर सिंह, गिरवर पाठक, राजेंद्र सिंह पिंटू, विनोद केसरवानी, लालचंद्र पटेल, आरएन यादव, नागेश प्रताप सिंह आदि पत्रकार मौजूद रहे।

### जच्चा -बच्चा को स्वस्थ रखने के गर्भवती महिलाएं नियमित रूप से ले पौष्टिक भोजन : डा. पल्लवी सिंह

**करमा** । शरीर कों पूर्ण रूप से स्वस्थ एवम ऊजार्वान बनायें रखने कें लिए व्यक्ति को नियमित पौष्टिक भोजन कें साथ व्यायाम इत्यादि की आदत दैनिक जीवन में विकसित करनी चाहिए ऐसी आदतों कों अपनाकर जीवन कों सफल बनाने का प्रयत्न करना चाहिए इसके साथ ही गर्भवती महिलाओं कों नियमित रूप से मौसमी फलों एवम सब्जियों का नियमित रूप से सेवन करना चाहिए ऐसा करनें से जच्चा -बच्चा दोनों स्वस्थ रहेंगें उक्त बातें करछना सरकारी अस्पताल में तैनात स्त्री एवम प्रसूति रोग विशेषज्ञ डा. पल्लवी सिंह नें गुरुवार कों क्षेत्र की छात्राओं एवम महिलाओं कों स्वस्थ रहने का टिप्स वर्चुअल बैठक कें माध्यम से प्रदान रहीं थी आगे श्रीमती सिंह नें यह भी बोली कि व्यक्ति कों रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने कें लिए कीवी , अनार , अमरूद , बथुआ , मेथी , चुकंदर इत्यादि मौसमी फल एवम सब्जियों का प्रयोग अवश्य करनें चाहिए इससे शरीर ऊजार्वान एवम स्वस्थ रहेगा ।एक छात्रा कें प्रश्न कें जवाब में डा पल्लवी सिंह यह भी बोली कि बुखार या किसी भी समस्या कें उपचार हेतु हमें कभी भी स्वयं उपचार नही करना चाहिए ऐसा करनें से निकट भविष्य में काफी भयावह परिणाम भुगतने होंगें उक्त अवसर पर रेशमा सिंह, अर्चना सिंह, अनामिका, रेहाना बानो समेत सैकड़ो छात्राएं वर्चुअल बैठक में सम्मिलित रहीं।

# अंगूठा लगवाने के बाद भी कोटेदार ने ग्रामीणों को नही दिया तीन महीने का राशन

## ग्रामीणों ने किया शिकायत, विभाग की मिलीभगत से दबंग कोटेदार ने 3 महीने का पूरे गांव के लोगों का राशन बेच दिया

**हंडिया।** हंडिया तहसील क्षेत्र के बेल्हा (सिंघममऊ) के कोटेदार पर पूरे गांव के लोगों ने आरोप लगाया कि 3 महीने का राशन अक्टूबर-नवंबर दिसंबर का कोटेदार द्वारा अंगूठा लगवाने के बाद नहीं दिया गया। जिसकी शिकायत गांव के लोगों ने उपजिलाधिकारी हंडिया से की जिस पर उप जिलाधिकारी हंडिया द्वारा आपूर्ति निरीक्षक को जांच का आदेश दिया। जांच में गड़बड़ी पाए जाने पर आपूर्ति निरीक्षक द्वारा दिनांक 6-12-2020 को सरकारी गल्ला की दुकान को सील कर दिया गया। 24 घंटे भी नहीं बीते थे कि दबंग कोटेदार ने अधिकारियों की मिलीभगत से सील सरकारी गल्ले की दुकान खुलवा लिया। गांव के लोगों ने जिसकी शिकायत पुनः उच्च अधिकारियों से की जिस पर पुनः जांच करने गुरूवार को टीम बेल्हा सिंघममऊ गांव पहुंची।



जांच करते आपूर्ति निरीक्षक

जहां देखकर लगा कि पूरे गांव के लोग एक साथ राशन कार्ड लेकर जांच अधिकारी को अपना 3 महीने राशन ना मिलने की बात कह रहे थे। उनका आरोप था कि कोटेदार द्वारा 3 महीने का राशन अंगूठा लगाकर हम लोगों को ना देकर मार्केट में बेच दिया। अधिकारियों द्वारा बारी बारी से समस्त कार्ड धारकों का बयान दर्ज किया गया ।

देखा जाए तो सरकार किसी एक गरीब को राशन मिलने से ना छूट जाए यह योजना का लाभ पहुंचा रही है। वही दबंग कोटेदार द्वारा पूरे गांव का राशन 3 महीने का बेच दिया जाए और अधिकारी मौन रहे तो सवाल उठाना भी है। अब गांव के लोगों का विश्वास अधिकारियों की ऊपर से उठता जा रहा है जिसकी शिकायत गांव वालों ने माननीय मुख्यमंत्री से करने को कही है ।



कोटेदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते कार्ड धारक

### गैंगेस्टर का आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**मऊआइमा।** समाज विरोधी गतिविधियों में लिप्त वांछित गैंगस्टर के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मऊआइमा थाना के ग्राम गुलकाईपुर निवासी राजेश कुमार पुत्र देवतादीन के खिलाफ चार महीने पूर्व उत्तर प्रदेश गिरोह समाज विरोधी क्रियाकलाप का मुकदमा दर्ज किया था। गुरुवार को मऊआइमा पुलिस ने लूट मार चौराहे से आरोपी राजेश कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### नवविवाहिता की कीटनाशक दवा पीने से इलाज के दौरान मौत

**प्रतापपुर।** सरायममरेज थानांतर्गत खानपुर डांडी निवासी मुलायम बिंद का प्रेम विवाह दो माह पूर्व सुनीता बिंद उम्र 19 वर्ष के साथ हुआ था उसने एक जनवरी को कीटनाशक दवा पी लिया था।आनन फानन में परिजन उसको लेकर प्रयागराज निजी अस्पताल में एडमिट कराया बुधवार को जेपी मेमोरियल हॉस्पिटल राजापुर प्रयागराज से डिस्चार्ज होकर घर वापस आई। अचानक तबीयत फिर खराब हो गई परिजन हॉस्पिटल ले जाने के लिए तैयारी कर रहे थे कि उसकी मृत हो गई।सरायममरेज इंस्पेक्टर भरत कुमार के अनुसार सूचना पर मायके के लोग मौके पर आ गए हैं कारणों का पता लगाकर दोनों पक्षों को सुनकर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# चेकिंग के दौरान परिवहन अधिकारी से अभद्रता, टीम के साथ की गई मारपीट

**नैनी।** प्रयागराज की सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी अलका शुक्ला और उनकी टीम के साथ बृहस्पतिवार सुबह कोतवाली क्षेत्र के लेप्रोसी मिशन चौराहे के समीप गाली गलौज मारपीट एवं जान से मारने की धमकी दी गई। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी की ओर से इस संबंध में ट्रक मालिक अमित कुमार सिंह पुत्र अरुण कुमार सिंह निवासी बेला और ट्रक चालक प्रमोद कुमार पुत्र त्रिलोकीनाथ खिलाफ नैनी कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया गया है। ट्रक चालक पुलिस हिरासत में है। वहीं वाहन मालिक ट्रक की चाभी लेकर अपनी फॉर्च्यूनर कार से मौके से भाग निकला। प्रयागराज परिवहन विभाग में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी अलका शुक्ला के मुताबिक बृहस्पतिवार सुबह वह प्रवर्तन स्टाफ मनोज कुमार एवं संदीप कुमार पांडेय व अन्य के साथ नैनी के लेप्रोसी मिशन के आसपास ओवरलोड वाहनों की चेकिंग कर रही थी। उसी दौरान एक ओवरलोड ट्रक उधर से गुजरा,जिसका नंबर प्लेट स्पष्ट नहीं था। उन्होंने ट्रक रोककर उसके बारे में पूछताछ कर रही थी। तभी उधर से एक फॉर्च्यूनर कार से अमित कुमार सिंह जो ट्रक मालिक है, आया और उनके साथ गाली गलौज एवं हाथापाई किया। प्रवर्तन सिपाहियों से धक्का-मुक्की की। जब प्रवर्तन टीम ने पुलिस को सूचना दी तो वह ट्रक की चाभी लेकर मौके से वह फरार हो गया और धमकी दी कि अगर सरसों और अंदावा की तरफ चेकिंग करने आए तो जान से मार देंगे और वापस लौट कर कोई नहीं आ पाएगा। परिवहन विभाग की टीम ने ट्रक का लॉक तोड़ कर के उसका कांटा करवाया तो पता चला कि निर्धारित क्षमता से 14 टन ओवरलोड गिट्टी उस में लगी हुई है। जिसके बाद सहायक संभागीय अधिकारी अलका शुक्ला ने नैनी कोतवाली में आरोपी के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर नैनी कोतवाली में उक्त आरोपियों के खिलाफ धारा 323, 504, 506, 332, 353 व 7 सीएल एक्ट के तहत एफ आई आर दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुटी हुई है।

### पुलिस पार्टी से हाथापाई, आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

क्षेत्र के मड़ौका गांव निवासी राजेश निषाद और मो. इमरान का घर आमने-सामने है। बुधवार रात में राजेश निषाद के घर के सामने इमरान पक्ष के किसी व्यक्ति ने लघुशंका कर दिया। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गया। तमंचे से फायिरंग होने लगी। बवाल की सूचना पर चौकी इंचार्ज एग्रीकल्चर अजीत सिंह दल बल के साथ पहुंचे तो उपद्रवियों ने उनकी टीम के साथ भी हाथापाई की। पता चलने पर इंस्पेक्टर जीतेंद्र सिंह दल बल के साथ पहुंचे और मौके से पांच उपद्रवियों को दबोच लिया। चौकी इंचार्ज अजीत सिंह की तहरीर पर आधा दर्जन नामजद व अन्य अज्ञात के खिलाफ धारा 147, 148, 149, 323, 336, 504, 506 आईपीसी एवं 7 सीएलए एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। मौके से एक पक्ष से राजेश निषाद व मुकेश निषाद व दूसरे पक्ष से मो. इमरान, मो. इरफान और नसीम को गिरफ्तार कर चालान कर दिया गया। वहीं ननका, साकिब व अन्य अज्ञात पुलिस की पकड़ से बाहर हैं। जिनकी तलाश में पुलिस ताबड़तोड़ दबिश देने में जुटी हुई है।

### पत्रकार पर हुए हमले को लेकर पत्रकारों में रोष

**खीरी।** कोरांव के निडर एवं निर्भीक दैनिक हिंदी पत्रकार के ऊपर हुए हमले को लेकर दक्षिणांचल के पत्रकारों में काफी रोष देखने को मिला' बताते चलें कि कोराव के दैनिक हिंदी समाचार पत्रकार रमेश तिवारी पुत्र बसंत लाल तिवारी निवासी सेमरिया कोरांव के रहने वाले है' जोकि कल मध्य रात्रि अपने घर कोरांव से वापस जा रहे थे कि रास्ते में अज्ञात लोगों द्वारा उन्हें रोकने का प्रयास किया गया तथा उनसे हाथापाई करने की कोशिश की तथा जान से मारने की धमकी देकर चले गए' बताते चलें कि पत्रकार के ऊपर इसके पूर्व भी लगभग 6 माह पहले इसी तरह की घटना घटित हो चुकी है' हाथापाई में पत्रकार को चोट भी आई है' घटना की जानकारी होते ही पत्रकारों में सरकार के प्रति काफी रोष देखने को मिला' जिसको लेकर पत्रकारों की एक अहम बैठक खीरी बाजार में विजय केसरी के आवास पर आहूत की गई जहां पर संवाददाता संदीप चौरसिया ने कहा कि पत्रकार पर हुआ हमला लोकतंत्र के लिए अच्छा संदेश नहीं है। क्योंकि पत्रकार निस्वार्थ भाव से समाज की सेवा में निरंतर लगा रहता है सरकार को जल्द से जल्द इस पर कठोर कदम उठाना चाहिए और पत्रकार की सुरक्षा व्यवस्था का पूर्णरूपेण ध्यान रखना चाहिए। इसी क्रम में कृष्णा केसरी में बतलाया कोरांव में हुई घटना को जिलाधिकारी महोदय तो तुरंत ध्यान देना चाहिए एवं तत्काल कार्रवाई कर हमला करने वाले व्यक्तियों के ऊपर दंडात्मक कार्यवाही की जानी चाहिए।

# पक्षियों के रहस्यमय तरीके से मृत पाए जाने से दहशत



मृत पक्षी

**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ थाना अंतर्गत पुलिस चौकी नारीबारी क्षेत्र के कोहड़िया गांव में दर्जनों पक्षियों के रहस्यमय तरीके से मृत पाये जाने से पूरे क्षेत्र मे दहशत है। ग्रामीणों की सूचना पर नारीबारी पुलिस सहित 112 नम्बर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और घटना की जानकारी ग्रामीणों से ली।

# भइयाँ गोवंश आश्रय स्थल में चारा-पानी से तड़प रहे मवेशी

**सिरसा।** मेजा क्षेत्र में विकास खंड मेजा अन्तर्गत ग्राम पंचायत भइयां में ग्रामीणों की मांग पर शासन द्वारा गौवंश आश्रय स्थल विगत वर्ष में ही बनाया गया था, किन्तु प्रशासन की उदासीनता के चलते अभी भी नियमानुसार संचालित नहीं हो पाया है, जबकि नुकसान हो रही फसल को बचाने के लिये मजबूरन किसानों द्वारा आवारा गौवंशजो को आश्रय स्थल में डाल दिया जाता है। किन्तु व्यवस्था न होने की वजह से आश्रय स्थल में डाले गए मवेशी भूख से तड़पते हैं। इस सम्बन्ध में जनसुनवाई फाउंडेशन के प्रदेश प्रभारी अधिवक्ता कमलेश प्रसाद मिश्र ने बताया कि उक्त समस्या को लेकर उपजिलाधिकारी मेजा व मुख्य विकास अधिकारी प्रयागराज से व्यवस्थित संचालन हेतु आग्रह किया गया था किन्तु अभी तक समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। मवेशियों को चारे के लिए ग्रामीण कृषक जगनायक मिश्र, रामूपटेल, अंकित, विनय, राधेश्याम पटेल, कुद्दन आदिवासी आदि ने फाउंडेशन के वालंटियरों के साथ मिलकर पुवाल की व्यवस्था सुनिश्चित करने में लगे हुए है। उन्होंने यह भी कहा कि महिला स्वयं सहायता समूहों सहित ग्रामीणों ने प्रशासन को सुझाव दिया कि समूह से जुड़ी महिलाओं का कहना है कि यदि प्रशासन एवं ग्रामीणों का सहयोग मिले तो समूह से गौवंश आश्रय स्थल का बखूबी संचालन किया जा सकता है।जिसे लेकर मुख्य विकास अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को पत्र भेजा गया है।

### दलित किशोरी के साथ दुराचार करने वाला अधेड़ गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**मऊआइमा।** एक दलित किशोरी को एक अधेड पकड कर उसके कपडे फाड डाले थे तथा दुष्कर्म करने के बाद फरार हो गया था। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया । मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम विशम्भरपुर निवासनीय एक दलित किशोरी को खेत में अकेला देख कर एक अधेड विगत सप्ताह पकड़ कर जमीन में पटख दिया एंव कपडे फाड डाले थे। और उसके साथ बलात्कार किया । पीडिता के परिजनों ने विगत सप्ताह धारा 376, 506, 504, 427 एस सी एसटी एक्ट, पास्को एक्ट में मुकदमा दर्ज कराया था । तब से आरोपी फरार चल रहा था । गुरूवार को मऊआइमा पुलिस ने दुराचारी दयाशंकर उर्फ कल्लू यादव 50 वर्ष पुत्र जगन्नाथ को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया ।

# अपराध के प्रति पुलिस की है पैनी नजर : एसपी गंगापार

**नवाबगंज।** गुरुवार को नवाबगंज थाना क्षेत्र की नवनिर्मित डांडी चौकी का उद्घाटन पुलिस अधीक्षक गंगापार आई पी एस धवल जैसवाल ने फीता काटकर किया, उन्होंने मौके पर मौजूद ग्रामीणों से कहा कि आप लोग किसी भी प्रकार की समस्या से आप मुझे अवगत करा सकते हैं,उन्होंने कहा हर पीड़ित को समय से न्याय दिलाना व भयमुक्त समाज बनाना ही मेरी प्राथमिकता है, अपराधी कोई भी हो कितनी भी पहुँच वाला हो बच नहीं पाएगा। इस अवसर पर थाना प्रभारी निरीक्षक नवाबगंज सुरेश सिंह, एस आई कैलाश, एस आई अजय सिंह, एस आई मुनेन्द्र सिंह, एस आई राम कुमार, एस आई राकेश गौतम, एस आई शोहराब खान, हेड कांस्टेबल सिद्धनाथ सिंह,गुड्डू शर्मा, संतोष विश्वकर्मा, गुड्डू राजा आदि मौजूद रहे।



एसपी गंगापार धवल जायसवाल द्वारा पुलिस चौकी डांडी का फीता काटकर उद्घाटन करते हुए



### चित्रकार आशुतोष त्रिपाठी बने उत्तर प्रदेश राज्य ललित कला अकादमी के सदस्य

**प्रतापपुर।** प्रतापपुर क्षेत्र के लोढ़ीडिह गाँव निवासी एवं प्रतापपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष आशुतोष त्रिपाठी को उत्तर राज्य ललित कला अकादमी का सदस्य बनाया गया है।आशुतोष अपनी प्रतिभा लगन, परिश्रम एवं कलाकृतियों से अपने गाँव परिवार का नाम रोशन किया है।इलाहाबाद विश्वविद्यालय से फाइन आर्ट में बेचलर डिग्री, दिल्ली के जामिया मिल्लिया इस्लामिया विश्वविद्यालय से आर्ट में मास्टर डिग्री प्राप्त किया है।आशुतोष द्वारा बनाई गई विभिन्न कलाकृतियां देश विदेश के म्यूजियम में प्रदर्शित की गई है जिसमें उनको सम्मानित भी किया गया है।

# नारी सम्मान सशक्तिकरण अपराजिकता के तहत कार्यक्रम हुआ आयोजित

**होलागढ़।** होलागढ़ थाना परिसर में नारी सम्मान सशक्तिकरण अपराजिकता के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे होलागढ़ क्षेत्र के विरभानपुर खरगापुर स्तिथ जगलाल जगत बहादुर पटेल इंटरमीडिएट कालेज के इंटर की छात्राओ ने थाना परिसर के बंदी गृह व अभिलेख सहित कई चीजो का जायजा लिया ।

जिसमे होलागढ़ इंस्पेक्टर तोरकेश्वर रॉय ने बताया कि 1090, 1098 व 1076, आदि नम्बरो को याद कर ले ताकि कभी शिकायत कर सकती है । और कहा कि महिलाओ के द्वारा दी गयी जानकारी को गुप्त रखते हुए कार्यवाही की जाती है। और कहा कि बेहिचक शिकायत कर सकती है। और महिला हेल्प डेस्क पर उच्चाधिकारियों के द्वारा आये आदेशो पर हर बिन्दुओ को बताया । रजिस्टर नम्बर 8, ग्राम सभा अपराध रजिस्टर सहित रजिस्टरों को दिखाकर जानकारी दी गयी। एन्टीरोमियो प्रभारी मंगल सिंह ने छेड़छाड़ को रोकने के लिए उपाय बताते हुए चर्चा किया। तथा यातायात नियम के बारे में भी बताते हुए हेलमेट लगाने की अपील किया । व महिला सशक्तिकरण के तहत एंटी रोमियो का सरकारी नम्बर को बताया ।

इस मौके पर महिला हेल्प डेस्क में मौजूद पुलिसकर्मी प्रियंका यादव, मनीषा रावत, विमला, आशा वर्मा आदि रही। व छात्रा कोमल पटेल, राधिका, स्वाती, आंचल, प्रतिभा, रोहिणी यादव, रौशनी पाण्डेय, प्रतिभा मौर्या, ज्योति यादव, कविता यादव, आंचल मिश्रा आदि रही । विद्यालय के प्रधानाचार्य आर एन सिंह सहित पुलिस कर्मी आदि रहे ।




छात्राओं को जागरूक करते होलागढ़ इंस्पेक्टर

### गरीबों की मदद करनें से मिलता हैं पुण्य : श्रीमती सिंह

**करमा** । गरीब बेसहारा लोगों की मदद करनें में जो आनन्द आता वह दुनियाँ कें किसी भी अन्य कार्य में नही होता हैं साथ ही ऐसे पुनीत कार्यों कों करनें मन कों बहुत सुकून मिलता हैं उक्त बातें आराध्या फाउंडेशन की प्रमुख डा आराध्या सिंह के है क्षेत्र के करमा में मंगलवार को आराध्या फाउंडेशन के नेतृत्व में 15निर्धन महिलाओं कों आवास हेतु चेक सौंपकर सम्मानित किया गया इस अवसर पर उक्त सामाजिक संस्थान की अध्यक्ष डा आराध्या सिंह बोली कि नेक कार्यों से मन कों सुकून कें साथ आत्मबल भी मजबूत होता हैं समाज के सभी लोगों कों यथाशक्ति निर्धन, जरूरतमंद लोगों की मदद करनी चाहिए। उक्त अवसर पर आवास की लाभार्थियों में राजकली , पूनम, चमेला देवी, विमला, नीलम पटेल, सोनकली, महेंद्र कुमार समेत काफी संख्या में स्थानीय लोगों सहित क्षेत्र कें गणमान्य लोग मौजूद रहें ।

# धार्मिक स्थलों पर महिलाऐं सुरक्षित नहीं हैं : नेहा

**करछना।** आम आदमी पार्टी की जिला उपाध्यक्ष व करछना, मेजा, व कोराव विधान सभा प्रभारी नेहा सिंह ने कहा कि बदायूं की घटना से महिला सुरक्षा पर सरकार कितनी गंभीर है इस घटना से उत्तर प्रदेश सरकार की कानून व्यवस्था व महिला सुरक्षा की पोल खोलती है। आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष सभा जीत सिंह के नेतृत्व व निर्देश पर सभी जिला मुख्यलायों व तहसील मुख्या लयों पर राज्य पाल के नाम ज्ञापन देंगे। जिस प्रदेश में माँ समान महिलायें सुरक्षित नहीं है तो बच्चियों की सुरक्षा की क्या गारंटी है। यही है योगी मॉडल, यही उत्तर प्रदेश सरकार का सुशासन है। जिला उपाध्यक्ष नेहा सिंह ने कहा कि बदायूँ जिले में पूजा करने गई 50 वर्षीय आंगनवाड़ी महिला की गैंग रै प करके हत्या कर दी जाती है पोस्ट मार्ट म रिपोर्ट में महिला के साथ दरिंदगी की सभी हदे पार कर दी गई, बाईं पस ली, बाया पैर, बाया फे फ डा भी



नेहा सिंह

वजन दार प्रहार से छतिग्रस्त कर दिया गया उप र से सरकार यह कर सांत वना दे रही है की अधिक रक्त स्त्राव व सदमा लगने से महिला की मौत हुई है। सरकार पुलिस अधि का री को सस्पेंड कर माम ले को दफन करने की कोशिश की जा रही है भ्रस्टाचा र, कानून व्यवस्था, व महिला अत्या चार पर सरकार निरंतर असफल हो रही है महिला यें कही भी सुरक्षित नहीं हैं कहा है सरकार की एंटी रोमियों स्क्वाड टीम व सरकार के ईमानदार ऑफिस र जो घटनाओं को रोकने व न्या य दिलाने में असफल हो रहें हैं अभी भी घटना का मुख्य आरोपी महंत पुलिस प्रशासन की पकड़ से दूर है। सरकार की STF व SOG टीमे घटना के इतने दिनों बाद भी गिरफ्तार नहीं कर पा रहीं हैं यह सरकार व पुलिस प्रशासन की कार्य शैली पर लोगों का विश्वास खत्म हो रहा है। आम आदमी पार्टी की मांग है की पीड़िता के परिवार को एक करोड़ की राशि व उनके आश्रित को सरकारी नौकरी दिया जाए जिससे उनके परिवार के दुःख दर्द को कम किया जाए व परिवार का भरण पोषण हो सके क्यों कि पीड़िता सरकारी सेवक थी। महंत को तत्काल गिरफ्तार किया जाये नहीं तो जनता के सामने साफ संदेश जाएगा की उत्तर प्रदेश सरकार महिला सुरक्षा पर लापर वाही दिखा रही है इस मौके पर शी लु गौर, आनंद याद व, कमलेश पास वान, धर्म राज पटेल, राम प्रताप शर्मा, गायत्री प्रजापति, रवींद्र प्रताप, पप्पू, आरती नागेन्द्र, उदय भान, राम करण आदि लोग।

# प्रयागराज हलचल



## संक्षेप समाचार

### मेजा रोड में सुलभ काम्प्लेक्स बना दिवास्वप्न

**उरुवा।** मेजा रोड में सार्वजनिक शौचालय न होने के कारण राहगीरों व दुकानदारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बाजार वासियो ने कई बार क्षेत्र के बड़े बड़े नेताओ से शौचालय बनाने की माग की, नेतावो ने भी कोरकशर नही छोड़ी नतीजा शून्य रहा । बता दें कि मेजा रोड जो की मिजार्पुर झांसी मार्ग एनएच 76 पर प्रयागराज से ४० किलोमीटर दूर स्थित मेजारोड बाजार में दो दर्जन से अधिक गांवों के लोग प्रतिदिन खरीदारी करने व अन्य कार्यो के लिए आते है। इतना ही नही मेजा रोड बस स्टैंड पर हर आधे घंटे पर रोडवेज की बसे हर 15 मिनट पर प्राइवेट बसे रुकती है जिससे राहगीरों को भी काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है , जिनमें से काफी लोगों को पूरा-पूरा दिन यहीं व्यतीत करना पड़ता है, लेकिन बाजार में सार्वजनिक शौचालय न होने के कारण ये लोग शौच के लिए इधर-उधर भटकते नजर आते हैं। दुकानदार विवेक गुप्ता, सभा तिवारी दुर्गेश मिश्र नागर गुप्ता, सोरभ विकास आदि ने कहा की मेजा रोड बाजार मैं सार्वजनिक शौचालय न होने के कारण उन्हे व ग्राहकों को काफी दिक्कतें हो रही हैं। मेजा रोड बाजार में सार्वजनिक सुलभ काप्लेक्स न होना क्षेत्रिय नेताओ व सत्ता धारी पदाशीन नेताओ की उदाशीनता व कमजोरी जाहिर करता है।

# मण्डलीय उद्योग बन्धु की बैठक सम्पन्न

## मण्डलायुक्त ने उद्यमियों की समस्याओं को शीर्ष प्राथमिकता पर निस्तारित करने के दिए निर्देश

**प्रयागराज।** मण्डलायुक्त आर0 रमेश कुमार की अध्यक्षता में गुरूवार को मण्डलीय उद्योग बन्धु की बैठक गांधी सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में वर्ष 2020-21 में मण्डल के अधीनस्थ जनपदों द्वारा माहवार आयोजित जिला उद्योग बन्धु की बैठकों की समीक्षा करते हुए सभी उपायुक्तों उद्योग प्रयागराज मण्डल को निर्देशित किया किया गया कि प्रत्येक माह जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला उद्योग बन्धु की बैठकों का नियमित आयोजन करते हुए प्राप्त समस्याओं का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण रूप से समय से कराना सुनिश्चित करे। विभाग द्वारा संचालित स्वरोजगारपरक योजनाएं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्य युवा स्वरोजगार योजना तथा एक जनपद एक उत्पाद वित्त पोषण योजनान्तर्गत



उद्यमियों के साथ बैठक करते मण्डलायुक्त

सभी जनपदों द्वारा आवंटित वित्तीय लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत स्वीकृति पर प्रशंसा करते हुए निर्देशित किया कि स्वीकृत ऋणों के सापेक्ष विशेष अभियान/क्रेडिट कैम्प के माध्यम से शत-प्रतिशत वितरण समयान्तर्गत सुनिश्चित किया जाये। साथ ही योजनाओं की जानकारी अधिकाधिक जनमानस को पहुंचाने के निर्देश दिये, जिससे अधिक से अधिक लोगो को इन योजनाओं का लाभ मिल सके। प्रवासी श्रमिकों को विभागीय योजनाओं में लाभान्वित कराने सम्बंधी बिन्दु की समीक्षा पर परियोजना निदेशक, डूडा को निर्देशित किया गया कि अगली बैठक में किये गये कार्यों का प्रतिशत के साथ ही शामिल हो, जिससे ज्ञात हो सके कि निर्धारित लक्ष्यों के सापेक्ष कितने प्रतिशत की उपलब्धि प्राप्त की गयी है। सेवायोजन विभाग द्वारा आनलाइन लोन मेला के माध्यम से प्रवासी श्रमिकों के समायोजन पर संतोष व्यक्त किया तथा निर्देशित किया कि जिलाधिकारी से अनुमति प्राप्त कर कोविड-19 की गाइड लाइन का पालन सुनिश्चित कराते हुए ऑफलाइन लोन मेला का आयोजन कराते हुए अधिकाधिक प्रवासी श्रमिकों का समायोजन कराया जाना सुनिश्चित किया जाये। मण्डलायुक्त ने सभी अधिकारियों को मा0 मुख्यमंत्री जी की मंशा के अनुरूप गम्भीरतापूर्वक जनहित में कार्य करने हेतु निर्देशित किया। बैठक में नई औद्योगिक नीति-2017 के अन्तर्गत मण्डल अधीनस्थ जनपदों के 05 उद्यमियों द्वारा विभिन्न छूटों से सम्बंधित प्राप्त आवेदन पत्रों पर मे0 माइक्रों इन्जीनियरिंग वर्क्स, औद्योगिक आस्थान एमएनआईटी को रू0 611036.00 का ब्याज उपादन, मे0 मंगलम एग्रो फूड प्रोडक्ट्स औद्योगिक क्षेत्र नैनी को रू0-138223.00 का ब्याज उपादान, मे0 आइकोनिक क्रिएशन्स सिविल लाइन के ब्याज उपादान, मे0 पिण्डारन एलाय प्रा0लि0 मलवां फतेहपुर को रू0 444700.00 ब्याज उपादान, रू0 1459372.00 जीएसटी प्रतिपूर्ति तथा निर्माण प्रवर्तन प्लांट मशीनरी इनपुट टैक्स की प्रतिपूर्ति रू0 1895275.00 तथा मे0 एनवाई आर इण्डस्ट्रीज नैनी को ब्याज उपादान तथा राज्य जीएसटी में रू0 1922675.00 की स्वीकृति समिति द्वारा प्रदान की गयी। इस अवसर पर उपायुक्त उद्योग प्रयागराज एवं उपायुक्त उद्योग फतेहपुर, प्रतापगढ़, कौशाम्बी तथा सभी जनपदों के अग्रणी बैंक प्रबन्धक अनिल अग्रवाल, सचिव चैम्बर ऑफ इण्डस्ट्रीज एवं राजीव नैयर तथा व्यापारी कल्याण बोर्ड के नामित सदस्य संतोष कुमार त्रिपाठी, नटवर लाल भारती आदि उद्यमी उपस्थित रहे।

# मण्डल के विभिन्न लाभार्थियों को 4 करोड़ 30 लाख रुपए का किया गया ऋण वितरण

**मण्डलायुक्त के द्वारा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्य युवा स्वरोजगार योजना तथा एक जनपद एक उत्पाद योजना के अन्तर्गत किया गया ऋण वितरण**

**विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना तथा एक जनपद एक उत्पाद योजना के अन्तर्गत मण्डल के 15 लाभार्थियों को टूल किट का किया गया वितरण**


टूलकिट व ऋण के साथ लाभार्थी

**प्रयागराज।** मण्डलायुक्त आर0 रमेश कुमार गुरूवार को गांधी सभागार में आयोजित ऋण वितरण कार्यक्रम में उद्योग विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्य युवा स्वरोजगार योजना तथा एक जनपद एक उत्पाद योजना के अन्तर्गत मण्डल के विभिन्न लाभार्थियों को 4 करोड़ 30 लाख रुपए का ऋण वितरण किया। इसके साथ ही साथ उन्होंने विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना तथा एक जनपद एक उत्पाद योजना के अन्तर्गत मण्डल के कुल 15 लाभार्थिंयों को टूल किट भी वितरित किया। विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत ऋण प्राप्त करने वाले लाभार्थिंयों में जनपद प्रयागराज में एक जनपद एक उत्पादन वित्त पोषण सहायता योजना के अन्तर्गत ऋण प्राप्त करने वाले लाभार्थी श्री रोहित केशरी निवासी उंचडीह बाजार को राइस मिल के लिए 35 लाख रुपए, श्रीमती शिवकली निवासी सलोरी को फ्लोर मिल के लिए 11.86 लाख रुपए का ऋण प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार के अन्तर्गत अभय कुमार वर्मा को आटो सर्विस के लिए 5 लाख, श्रीमती तृप्ति श्रीवास्तव को पैथालाजी लैब के लिए 10 लाख एवं अंकित गुप्ता को चप्पल निर्माण के लिए 5 लाख रुपए का ऋण प्रदान किया गया। जनपद प्रतापगढ़ में इसी योजना के अन्तर्गत श्रीमती रंजना विश्वकर्मा को टेलरिंग रेडीमेड गारमेंट के लिए 10 लाख रुपए एवं फतेहपुर जिले में शशांक शुक्ला को एल्मुनियम डोर एण्ड विण्डों निर्माण के लिए 10 लाख एवं रविदेश सिंह गौतम को ग्रिल गेट शटर मैन्यूफैक्क्रिंग के लिए 25 लाख रुपए का ऋण प्रदान किया। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अन्तर्गत हिरदेश कुमार श्रीवास्तव को सोया पनील निर्माण के लिए 15 लाख, श्रीमती कंचन रावत को पेपर कप निर्माण के लिए 20 लाख श्रीमती निशा जायसवाल को बेकरी प्रोडक्ट के लिए 25 लाख, राकेश कुमार यादव को प्रिंटिंग प्रेस के लिए 10 लाख रुपए का ऋण प्रदान किया गया। इसी योजना के अन्तर्गत जनपद फतेहपुर में राजकुमार को इण्टरलाकिंग ब्रिक्स उद्योग के लिए 15 लाख रुपए का ऋण प्रदान किये गये। ओडीओपी मार्जिन मनी योजना के अन्तर्गत प्रतापगढ़ जनपद के निवासी पुनीत त्रिपाठी को ऑवला उत्पादन उद्योग के लिए 180 लाख रुपए एवं फतेहपुर निवासी इन्द्रजीत सिंह को आयरन फेब्रिकेशन के लिए 10.00 लाख रुपए का ऋण प्रदान किया गया। इसके अलावा अरूण राय को आयल उद्योग के लिए 25 लाख, राजकुमार को मोबाइल रिपेयरिंग उद्योग के लिए 5 लाख, प्रकाश चन्द को मोबाइल रिपेयरिंग उद्योग के लिए 5 लाख, श्री अमित कुमार को सीसीटीवी कैमरा के लिए 10 लाख, अब्दुल को केला उत्पाद के लिए 5 लाख, श्रीमती सुनीता देवी को केला उत्पाद के लिए 5 लाख, श्री मनीष कुमार को आटा चक्की के लिए 10 लाख, पिकु त्रिपाठी को इंटरलाकिंग के लिए 9 लाख एवं राजेश पाल को रेडीमेड वस्त्र उद्योग के लिए 4 लाख रुपए का ऋण प्रदान किया गया है। मण्डलायुक्त ने विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना एवं एक जनपद एक उत्पाद योजना के अन्तर्गत मण्डल के कुल 15 लाभार्थिंयों को विभिन्न टेज्डों के टूल किट भी वितरित किये, जिसमें जनपद प्रयागराज के नितिन कुमार शर्मा, राजेश कुमार पानिकर, फूलचंद, उत्कर्ष सोनकर एवं राजू कुमार को नाई ट्रेड में टूल किट प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त जनपद कौशाम्बी में लाल चन्द्र को कुम्हार एवं रवि सिंह को नाई टेज्ड में टूल किट प्रदान किया गया। जनपद प्रतापगढ़ में दया राम शर्मा, ओम प्रकाश शर्मा को नाई एवं आशीष कुमार मौर्या, कु0 प्रियंका केशरवानी को दर्जी ट्रेड में टूल किट प्रदान किया गया। जनपद फतेहपुर में ओडीओपी प्रशिक्षण एवं टूलकिट योजना के तहत पवन कुमार, श्री कामरान मसूद, आशीष कुमार विश्वकर्मा एवं घनश्याम सिंह को ओडीओपी टूल किट प्रदान किया गया।

# अब घर बैठे पास ले सकेंगे सेवानिवृत्त रेलकर्मचारी

**प्रयागराज।** उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज मंडल के कार्मिक विभाग के प्रयासों के फलस्वरूप अब सेवानिवृत्त रेल कर्मचारी घर बैठे ले सकेगा सुविधा पास की सुविधा। कार्यरत कार्मचारियों के साथ साथ कार्मिक विभाग ने इस सुविधा को प्रयागराज मण्डल के 23876 सेवानिवृत्त रेल कर्मचारियों तक पहुंचाना प्रारम्भ कर दिया गया है। गुरूवार को प्रायागराज मण्डल से सभागार में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान 15 से अधिक सेवानिवृत्त कर्मचारियों एवं 40 सेवारत कर्मचारियों को इस सिस्टम को प्रयोग करने की ट्रेनिंग दी गई। इस सिस्टम के माध्यम से कोई भी सेवानिवृत्त कर्मचारी अपने घर से ही पास की सुविधा ले सकता है, उसे किसी भी कार्यालय में आने की आवश्यकता नही होगी। इस सिस्टम की जानकारी प्रयागराज मण्डल के सभी सेवानिवृत्त


प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित सेवानिवृत्त कर्मचारी व सेवारत कर्मचारी

कर्मचारियों को एस.एम.एस, वेबसाईट और वेलफेयर इंस्पेक्टर के माध्यम से पहुंचाई जा रही है।ज्ञात हो कि रेलकर्मचारियों की सभी सुविधाओं को डिजिटल करने के क्षेत्र में कार्य करते हुये रेल प्रशासन द्वारा ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट सिस्टम (HRMS) लांच किया है। ल्फ्टर का प्रयोग करके रेलकर्मी अपने कम्प्यूटर/मोबाईल से ही डिजिटल रूप से पास ले सकता है, पीएफ हेतु आवेदन कर सकता है, सर्विस रिकार्ड, आफिस आर्डर, प्रमोशन, एम.ए.सी.पी आदि प्रपत्रों को भी देख सकता है। प्रयागराज मण्डल में कार्यरत लगभग 29500 कर्मचारियों की जानकारी को ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट सिस्टम (HRMS) में अपडेट की जा चुका है, जिसके प्रयोग से कर्मचारी स्वयं से सम्बंधित विभिन्न आवश्यक प्रपत्र अपनी आवश्य सुविधाओं को आसानी से प्राप्त कर सकता है।

इस अवसर पर वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी, प्रयागराज मण्डल राजेश कुमार शर्मा ने सभी सेवानिवृत्त एवं कार्यरत कर्माचियों को प्रोत्साहित करते हुये इस सिस्टम का पूर्ण लाभ लेने एवं कोई भी समस्या आने की स्थिति में बिना संकोच सम्पर्क करने की सलाह दी। प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन सहायक कार्मिक अधिकारी लवकुश एवं उनकी टीम ने किया।

# राम मंदिर निर्माण हेतु धन संग्रह पर चर्चा

**सहसों।** भारतीय जनता पार्टी और संघ के समन्वय समिति की बैठक छत्रपति शिवाजी डिग्री कॉलेज सहसों में बुद्धवार को संपन्न हुआ। बैठक में अयोध्या में बन रहे मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम मंदिर निर्माण के लिए धन संग्रह के संबंध में चर्चा हुई द्य बैठक की अध्यक्षता करते हुए मंडल अध्यक्ष अनिल सरोज ने बताया कि सभी कार्यकताओंए संयोजकों को हर जिले में निवास करने वाले पदाधिकारी को अपनी अपनी जिम्मेदारी के साथ कार्य करना है द्य बैठक के मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष अनिरुद्ध सिंह पटेल ने विस्तार पूर्वक चर्चा किया द्य और बताया की धन संग्रह के लिए सभी कार्यकर्ताओं को पूरी निष्ठा व ईमानदारी और मेहनत के साथ कार्य करना होगा द्य जिससे अधिक से अधिक धन संग्रह कर सकें। और भाजपा सहसो मंडल सबसे अधिक धन संग्रह करने की श्रेणी में रहेए सभी कार्यकर्ताओं को अभी कूपन दिया जाएगा। जिसकी राशि कम से कम दस रुपया और अधिक से अधिक जो भी दे सकें। अपने अपने सामर्थ और श्रद्धा के ऊपर है। कार्यकर्ता सभी गांव, मुहल्लों, बस्तियों में जाएंगे और मंदिर निर्माण के लिए अपनी बात कहेंगे सभी आम जन इच्छा से मंदिर निर्माण में अपना सहयोग प्रदान करें ऐसी अपेक्षा होगी। बैठक का संचालन करते हुए मंडल के महामंत्री पवन शुक्ला ने बताया कि 15 जनवरी से यह कार्यक्रम प्रारंभ होगाए इससे पहले सभी समितियों एवं कार्यकर्ताओं को किस गांव में कौन जाएगा इसकी सूची तैयार कर ली जाएगी द्यबैठक में प्रमुख रूप से मौजूद संजय सिंह, नरेंद्र कुशवाहा, पुष्कर सिंह, महेश सिंह, उदय राज प्रजापति, जय प्रकाश दुबे, राजधर दुबे, सुभाष शुक्ला, सूर्यमणि पांडे, आदि रहे।

### तिमाही रिटर्न फाइल करने वाले पोर्टल में उलझे

**प्रयागराज।** एकमुश्त समाधान योजना के तहत रिटर्न फाइल करने वाले व्यापारियों के लिए जीएसटी का पोर्टल अबूझ पहेली बन गया है। जनवरी में जीएसटीआर-1 फाइल करने की अंतिम तारीख 13 जनवरी है। जीएसटी के पोर्टल पर अंतिम तारीख 31 जनवरी दर्शा रहा है। एकमुश्त समाधान योजना के तहत दो करोड़ तक सालाना टर्नओवर वाली हजारों फर्म व कारोबारियों को जनवरी में जीएसटीआर-1 फाइल करना है। इस रिटर्न में फर्म को अक्तूबर, नवंबर, दिसंबर की बिक्री का आंकड़ा देना है। हाल ही में हुई घोषणा के अनुसार रिटर्न 13 जनवरी तक फाइल करना है। जीएसटी के पोर्टल पर रिटर्न फाइल करने की अंतिम तारीख 31 जनवरी दशार्ने से फर्म संचालक उहापोह में हैं। व्यापारियों के संगठन कैट के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र गोयल ने बताया कि सीबीआईसी (सेंट्रल बोर्डऑफ डायरेक्ट टैक्सेज एंड कस्टम्स) ने रिटर्न फाइल करने की अंतिम तारीख बदल दी लेकिन जीएसटी के पोर्टल पर संशोधन नहीं किया। इसी गलती के कारण उहापोह है। महेंद्र के अनुसार अंतिम तारीख को लेकर कारोबारी उहापोह में हैं।

# अखाड़ा परिषद 21 जनवरी को आरंभ कराएगा परिक्रमा

**प्रयागराज।** सनातन धर्म की परंपरा, संस्कार व संस्कृति की प्रतीक प्रयागराज की वैभवपूर्ण पंचकोसी परिक्रमा मकर संक्रांति के बाद शुरू होगी। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद ने 21, 22 व 23 जनवरी को परिक्रमा कराने का निर्णय लिया है। देश-विदेश के श्रद्धालुओं को परिक्रमा से जोड़ने के लिए इंटरनेट मीडिया के जरिए उसका सीधा प्रसारण कराया जाएगा। परिक्रमा का स्वरूप बढ़ाने व आम व्यक्ति को उससे जोड़ने के लिए परिषद श्रद्धालुओं को शामिल करेगा। प्रयागराज में अंतर्वेदी, बहिर्वेदी व पंचक्रोसी परिक्रमा का विधान है। मुगलकाल में परंपरा रुक गई थी। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद ने प्रयागराज में 2019 में हुए कुंभ पर्व (मेला) में परिक्रमा पुनः आरंभ कराई थी। कोरोना संक्रमण के कारण इस बार परिक्रमा पर संशय की स्थिति थी। अब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अखाड़ा परिषद को परंपरा के अनुरूप परिक्रमा करने की अनुमति दी है। आम श्रद्धालुओं को परिक्रमा के प्रति प्रेरित करने के लिए प्रतिदिन वीडियो रिकार्डिंग कराई जाएगी। संत जहां-जहां जाएंगे उसके धार्मिक, पौराणिक महत्व का बखान करेंगे। प्रतिदिन की रिकार्डिंग फेसबुक, यू-ट्यूब व ट्विटर पर डाली जाएगी। सीधा प्रसारण भी कराया जाएगा। अखाड़ा परिषद से जुड़े जिन महात्माओं की संस्था की वेबसाइट है उसमें भी वीडियो अपलोड किया जाएगा। अखाड़ा परिषद के महामंत्री महंत हरि गिरि ने बताया कि संगम का पूजन व अक्षयवट दर्शन करके परिक्रमा आरंभ की जाएगी। संतों के साथ श्रद्धालु भी परिक्रमा में शामिल होकर पुण्य अर्जित करेंगे। हम जहां-जहां जाएंगे, वहां भ्रमण और पूजन को इंटरनेट मीडिया के जरिए प्रसारित किया जाएगा।

# माघ मेला के दौरान भीड़ को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर तैनात किए गए अतिरिक्त बल

**प्रयागराज।** गुरूवार को रवीन्द्र वर्मा, महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त / रेलवे सुरक्षा बल / उत्तर मध्य रेलवे/ प्रयागराज द्वारा माघ मेला के दौरान यात्रियों/श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर तैनात किए गए अतिरिक्त बल- रेलवे सुरक्षा बल / रेलवे सुरक्षा विशेष बल सदस्यों के लिए प्रयागराज स्टेशन पर आयोजित सुरक्षा सम्मेलन के दौरान माघ मेला के दौरान प्रतिदिन भारी संख्या में यात्रियों / श्रद्धालुओं के रेल गाड़ियों से आगमन व प्रस्थान लेकर विशेष निर्देश दिए गए क इस अदुरान उन्हे बताया गया कि, माघ मेला के दौरान बल सदस्यों के लिए यात्रियों की सेवा करने का महान अवसर होगा जिस दौरान यात्रियों की सेवा और सुरक्षा के लिए पूर्ण तत्पर रहकर ट्रेनों व स्टेशन परिसर में यात्रियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए प्रयास करना होगा क साथ ही महिला बल कर्मियों को निर्देशित किया गया की माघ मेला के दौरान आप सभी को वृद्ध यात्रियों, महिलाओं व बच्चों की सुरक्षा का विशेष संवेदना के साथ ध्यान रखना होगा कयात्रियों कि सुरक्षा के लिए भीड़ झ्र भाड़ के समय संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष ध्यान रखने के लिए निर्देशित किया गया जिस बाबत स्टेशन परिसर में डॉग स्क्वायड, बीडीटीएस टीम भी तैनात रहेंगी।

वर्तमान समय में कोरोना जैसी विश्वव्यापी महामारी का प्रकोप है इसलिए सभी बल सदस्य मास्क, ग्ल्फ्स एवं सेनीटाइजर का प्रयोग करते हुए सोशल डिसटेन्स का पालन स्वयं भी करेंगे और यात्रियों को मास्क पहनने एवं सोशल डिसटेन्स का पालन कराना सुनिश्चित करेंगे कबताया गया कि प्रयागराज का यह एक बहुत ही पावन पर्व है जिस दौरान यात्रियों की सेवा करके हम यात्रियों/ श्रद्धालुओं के मन में बल सदस्यों के प्रति एक विशेष सम्मान कि भावना को भी जागृत कर सकते हैं क अतः माघ मेला के दौरान यात्रियों/श्रद्धालुओं कि सेवा व सुरक्षा को प्राथमिकता देकर सभी को अपना कर्तव्य निर्वहन करना होगा।

**अखण्ड भारत संदेश** के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम कियायोग आश्रम एवं अनुसंधान सस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिंग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

**मुद्रक/प्रकाशक**
**स्वामी श्री योगी सत्यम**

पी0आर0बी0 एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं0: UPHIN2001/9025


### डेढ़ दर्जन मेला स्पेशल ट्रेनें चलाने की तैयारी में उत्तर रेलवे

**प्रयागराज।** माघ मेला 2021 में उत्तर रेलवे डेढ़ दर्जन स्पेशल ट्रेनें चलाने की योजना बना चुका है। रेलवे बोर्ड से मेला स्पेशल ट्रेनें चलाने के संकेत भी मिले हैं। स्पेशल ट्रेनें प्रमुख स्नान पर्वों पर चलाई जाएंगी। माघ मेला स्पेशल में सर्वाधिक आठ ट्रेनें मौनी अमावस्या पर चलेंगी। मकर संक्रांति, पौर्ष पूर्णिमा, बसंत पंचमी, माघी पूर्णिमा और महाशिवरात्रि को दो-दो स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी। प्रमुख स्नान पर्वों पर जरूरत पड़ी तो और भी ट्रेनें चलाई जा सकती हैं। माघ मेला स्पेशल ट्रेनें चलाने की बात लखनऊ के मंडल रेल प्रबंधक ने मीडिया में कही है। माघ मेला में प्रयाग-प्रतापगढ़-सुलतानपुर-फैजाबाद-अयोध्या रूट पर भी स्पेशल ट्रेनों का संचालन होगा। उत्तर रेलवे के एक अधिकारी ने बताया कि माघ मेला में डुबकी लगाने के बाद श्रद्धालु अयोध्या जाते हैं। ऐसे में प्रयाग-फैजाबाद खंड में ट्रेनें चलानी होंगी। माघ मेला स्पेशल ट्रेनें आरक्षित होंगी या अनारक्षित, इस पर निर्णय नहीं हुआ है।

# पुलिस के साथ बम निरोधक दस्ता भी हुआ सक्रिय

**प्रयागराज।** माघ मेला शुरू होने में अब सप्ताह भर का समय शेष है, लेकिन यहां सुरक्षा को लेकर जांच शुरू हो गई है। पुलिस ने एएस चेक टीम, बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वायड टीम के साथ मेले में जांच-पड़ताल की। मेला क्षेत्र में विस्फोटक और ज्वलनशील पदार्थ के बारे में गहराई से छानबीन की जाती रही। संगम नोज, वीआइपी घाट, महावीर जी, बड़े हनुमान मंदिर, पांटून पुल और अक्षयवट क्षेत्र में भी संदिग्ध वस्तुओं की जांच की गई। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मेले में सुरक्षा पर पर विशेष जोर दिया गया है। प्रतिदिन चरणबद्ध तरीके से जांच करने और शाम को इसकी रिपोर्ट देने के लिए भी कहा गया है। महत्वपूर्ण स्नान पर्वों पर मेला में दाखिल होने वाले सभी प्रमुख मार्गों पर भी जांच की जाएगी।

माघ मेले में बुधवार देर रात एक कार बिजली को पोल से टकरा गई। इससे कार में सवार एक साधु समेत दो लोग जख्मी हो गए। मौके पर


माघ मेले में जांच पड़ताल करता बम निरोधक दस्ता

पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। हालांकि उनकी हालत खतरे से बाहर है। पुलिस के मुताबिक, रामानंद मठ के 56 वर्षीय अशोक अवस्थी और 21 वर्षीय अनेक त्रिपाठी बुधवार रात बोलेरो से माघ मेला क्षेत्र में जा रहे थे। वह त्रिवेणी मार्ग पुल नंबर दो के पास पहुंचे, तभी कार अनियंत्रित हो गई और बिजली के पोल से टकरा। टक्कर लगने के कारण बोलेरो पलट गई, जिससे उसमें सवार अशोक व अनेक जख्मी हो गए। अशोक के सिर पर व अनेक के हाथ पैर में चोट लगी। घटना की जानकारी होते ही पुलिस मौके पर पहुंची और किसी तरह उन्हें अस्पताल ले गई।

## संक्षेप समाचार

### चकरोड और ग्राम सभा की भूमि पर हो रहा कब्जा

**कौशांबी।** मंझनपुर तहसील क्षेत्र के ऊनो ग्राम सभा में चकरोड भूमि संख्या 995 तथा उसके पास की सरकारी ग्रामसभा की भूमि संख्या 996 पर गांव के कुछ दबंगों द्वारा जबरिया कब्जा किया जा रहा है इसी भूमि पर इसके पहले भी अवैध निर्माण कर जमीन कब्जे का प्रयास दबंगों के पिता द्वारा किया गया था जिस पर अदालत ने तत्कालीन कब्जा धारक को बेदखल करने का हुक्म दिया था लेकिन बेदखली के आदेश के बाद भी अवैध कब्जा धारकों को तहसील द्वारा बेदखल नहीं किया गया है अधिकारियों की ओर से बेदखली न किए जाने से भू माफियाओं के हौसले बुलंद थे और मौका मिलते ही उन्ही के पुत्र द्वारा उस सरकारी भूमि और चकरोड की भूमि पर फिर से कब्जा शुरू कर दिया है ग्रामीणों ने इस ओर जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए चकरोड की भूमि और ग्राम सभा की सरकारी भूमि को दबंगों के कब्जे से मुक्त कराने की अपील की है।

# नगर में दिनदहाड़े अस्सी लाख के आभूषण की लूट

## आक्रोशित व्यापारियो ने किया हाइवे जाम

**प्रतापगढ़।** नये एसपी को बदमाशो ने खुली सलामी देते हुए दिनदहाड़े नगर मे ही अस्सी लाख के जेवरात की लूट की खौफनाक वारदात अंजाम दे दी। लूट की घटना को लेकर जहां जिला प्रशासन मे हडकंप मच गया। वहीं नगर के व्यापारियों मे भी घटना को लेकर उबाल आ गया। व्यापारियो ने चैक पर मार्ग जाम कर विरोध प्रदर्शन शुरू किया। इस बीच एसपी शिवहरि मीणा ने व्यापारियो के बीच पहुंचकर चैबीस घंटे के भीतर लूट की घटना के खुलासे का आश्वासन दिया तब जाम समाप्त हो सका। नगर के श्यामबिहारी गली निवासी सुरेश सोनी की ज्वैलरी की दुकान है। उसकी शिव ज्वैलर्स की दुकान मे गुरूवार की सुबह करीब साढे नौ बजे दो बाइक पर सवार पांच अज्ञात नकाबपोश बदमाश पहुंच गये। तीन बदमाश अंदर घुसकर ज्वैलरी मालिक को पिस्टल सटा दी। बदमाशो ने करीब अस्सी लाख के दुकान मे रखे सोने चांदी के आभूषण लूट लिये। वहीं गल्ले मे रखा चार पांच हजार नकद भी बदमाश उठा ले गये। लूट के बाद बदमाश अपनी अपनी



नगर मे ज्वैलर्स के साथ लूट से आक्रोशित व्यापारी व शहरी

बाइक से फुर्र हो गये। व्यापारी की चीखपुकार सुन आसपास के व्यापारी दौडे तो दुकान मे लूट का नजारा देख दंग रह गये। सूचना मिलते ही शहर कोतवाल विपिन सिंह फोर्स के साथ आननफानन मे घटनास्थल पर पहुंचे। घटना को लेकर नगर के व्यापारियो व शहरियों मे आक्रोश फैल गया। नाराज लोगों ने प्रयागराज फैजाबाद हाइवे को जाम कर दिया। आक्रोशित लोग पुलिस व प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे। जानकारी होने पर एसपी पहुंचे और आक्रोशित लोगों को जल्द कार्रवाई का भरोसा दिलाकर आक्रोश को शांत कराया। नगर क्षेत्र मे दिनदहाडे लूट की घटना से लोग भयभीत हो उठे है। अभी पिछले दो जनवरी को ही नगर कोतवाली के गायत्री नगर मे रूरल बार एसोशिएसन के जिलाध्यक्ष अंजनी सिंह बाबा के घर बदमाशो ने डकैती की वारदात को अंजाम दिया था। साथी अधिवक्ता के घर डकैती की घटना से जिले के अधिवक्ता भी आक्रोशित है। ऐसे मे बेखौफ बदमाशों ने पुलिस के हरे जख्म पर दूसरा वार कर दिया।

### इधर बदमाशों ने सशस्त्र लूट को दे दी सलामी

**प्रतापगढ़।** जिला प्रशासन पुलिस लाइन मे कैबिनेट मंत्री के हेलीकॉप्टर की आगवानी मे व्यस्त था और इधर बदमाश नगर मे सशस्त्र लूट को सलामी दे रहे थे। गुरूवार को जिला प्रशासन सुबह से ही पुलिस लाइन मे जल शक्ति मंत्री डा. महेन्द्र सिंह के हेलीकॉप्टर से पुलिस लाइन पहुंचने की आवभगत मे व्यस्त था। इधर मस्त बदमाशो ने नगर के बीचोबीच श्यामबिहारी गली मे लाखों के जेवरात की लूट की घटना अंजाम दे दी। मंत्री की आगवानी मे व्यस्त पुलिस प्रशासन के आला अफसर तक आननफानन मे घटनास्थल की ओर भागे।

# बाल भिक्षावृत्ति एक सामाजिक अभिशाप है आइये मिलकर इसे मिटायें

**प्रतापगढ़।** मुख्यालय पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के निर्देशन में चलाये जा रहे बाल भिक्षावृत्ति के खिलाफ चाइल्डलाइन व पुलिस विभाग के द्वारा जिले में आज संयुक्त अभियान चलाया गया जिसकी शुरूआत पुलिस लाइन परिसर में अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) दिनेश कुमार द्विवेदी ने हरी झण्डी दिखाकर किया।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि बाल भिक्षावृत्ति एक सामाजिक अभिशाप है आइये मिलकर इसे मिटाये। इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी रन बहादुर वर्मा ने कहा कि बाल अधिकारों का हनन एक अक्षम अपराध है इसके लिये सबको आगे आना होगा। इस अवसर पर चाइल्डलाइन निदेशक नसीम अंसारी ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस दौरान टीम द्वारा बस स्टेशन, कम्पनी गार्डेन, बेल्हा देवी मन्दिर, जामा मस्जिद, चौक, रेलवे स्टेशन, भंगवा चुंगी जाकर बाल भिक्षावृत्ति के खिलाफ सर्च आपरेशन चलाया और पर्चे बांट कर लोगों को जागरूक भी किया गया। अभियान के दौरान भिक्षावृत्ति करते हुये भैरोपुर बस अड्डे पर एक बच्चा भी पाया गया जिसे टीम द्वारा बाल न्यायालय में प्रस्तुत किया गया और बच्चे के माता पिता को बुलाकर हिदायत के साथ बच्चे को सौपा गया। अभियान के दौरान लोगों में उत्सुकता रही, स्थानीय लोगों और सम्बन्धित अधिकारियों ने अभियान के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया। अभियान में सीओ सदर तनु उपाध्याय सहित एन्टी ह्यूमन ट्राफ्किंग यूनिट प्रभारी राघवेन्द्र सिंह, विशेष किशोर पुलिस इकाई प्रभारी सुरेश चन्द्र मिश्रा, महिला सिपाही सविता यादव, चाइल्डलाइन केन्द्र समन्वयक कृष्णाकान्त राय, रीना, अभय, सौरभ, आजाद, बीना, हुसनारा, निशा, संतोष कुमार आदि लोगों की सक्रिय भूमिका रही।

# हर मुद्दे पर फेल हो चुकी है प्रदेश और केंद्र की सरकार : पांडेय

### प्रसपा की जारी रही दूसरे चरण की गांव-गांव, पांव-पाव पदयात्रा

**प्रतापगढ़।** वर्तमान केंद्र एवं उत्तर प्रदेश सरकार की जनविरोधी आर्थिक नीतियों के विरोध में व जनसंपर्क के उद्देश्य से प्रगतिशील समाजवादी पार्टी लोहिया (प्रसपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव के निर्देश पर संपूर्ण उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों के गांव-गांव,पाव-पाव शुरू की गई पदयात्रा अभियान के दूसरे चरण में गुरुवार को जूनियर बार एसोसिएशन पुरातन के पूर्व अध्यक्ष व उच्च न्यायालय लखनऊ के अधिवक्ता विनोद कुमार पांडेय के नेतृत्व में सदर क्षेत्र के गांव कोल, बझान, अधारपुर में भ्रमण कर पार्टी की नीतियों से अवगत कराते हुए प्रसपा के कार्यकताओं एवं पदाधिकारीयों ने प्रदेश व केंद्र की सरकार पर निशाना साधा।इस दौरान श्री पांडेय ने कहा कि वर्तमान सरकार सुरक्षा शिक्षा चिकित्सा व सम्मान तथा रोजगार उपलब्ध करा पाने में पूर्णतया असफल साबित हो चुकी है। बादमाश सक्रियता के साथ निर्भीक होकर दिन दहाड़े घटना को अंजाम देने से बाज नहीं आ रहे हैं, किन्तु शासन प्रशासन अपराध पर अंकुश लगाने में फेल हो चुकी है। पदयात्रा से पूर्व प्रगतिशील समाजवादी पार्टी लोहिया के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने विनोद पांडेय के संग असम चीन सीमा पर तैनात रहे सेना के जवान शहीद सुधाकर सिंह के गांव गोडे पहुंचकर उनके अंतिम विदाई में शामिल होते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।इस दौरान मींकू दूबे, राकेश, कंधई प्रजापति, बाबा गिरी, कश्मीर यादव ,लालजी पाण्डेय सहित आदि लोग रहे।

# अनियंत्रित पिकअप ने मारी टक्कर एक की मौत, एक घायल

## ठेला लगाकर जीविकोपार्जन करने वाले युवक की सड़क दुर्घटना में मौत के बाद परिवार में मचा कोहराम

**अझुवा कौशाम्बी।** सिराथू तहसील के अंतर्गत नगर पंचायत अझुवा के कमला देवी इंटरमीडिएट कॉलेज के पास टांडा रोड में अनियंत्रित पिकअप ने ठेले वाले को रौंद दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई पास खड़ा एक नवयुवक टक्कर से गंभीर घायल हो गया पिकप चालक मौके से फरार बताया जाता है।

जानकारी के अनुसार गुलजारी लाल साहू उम्र लगभग 57 वर्ष पुत्र स्वर्गीय मोतीलाल साहू नगर पंचायत अझुवा के वार्ड नंबर 7 मौलाना आजाद नगर के निवासी थे परिवार के भरण-पोषण के लिए वह चना भिगोकर मसालेदार बनाकर नगर पंचायत के विभिन्न गलियों में बेचते थे फिलहाल आज अपना ठेला लेकर वार्ड नंबर 7 बहुवा की तरफ बेचने जा रहे थे कमला देवी इंटर कॉलेज के सामने बने हुए ब्रेकर के पास वह पहुंचे कि अचानक अज्ञात अनियंत्रित पिकअप ने बगल में एक लड़के अभिषेक पुत्र जगदीश प्रसाद उम्र लगभग 18 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 1 भौंतर को भी टक्कर मारी अभिषेक





घटनास्थल पर जुटी ग्रामीणों की भीड़ व पास में खड़ा एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल

कमला देवी इंटर कॉलेज के सामने अपने प्लाट को देखने गया था जिसका निर्माण होना है अनियंत्रित पिकअप अभिषेक को टक्कर मारते हुए एक विद्युत पोल से भी टकराई विद्युत पोल धराशाई हो गया सामने ठेलिया लेकर खड़े गुलजारीलाल को रौंदते हुए पिकप चालक फरार हो गया प्रत्यक्षदर्शियों ने दुर्घटना केर भाग रहे पिकअप का नंबर नोट कर लिया है जिसे चौकी पुलिस को दे दिया गया है इस दुर्घटना में गुलजारीलाल को दुर्घटना ग्रस्त होते देखकर परिजनों को सूचित करते हुए आनन फानन नगर पंचायत के स्थानीय अस्पताल में उसे भर्ती कराया जहां डॉक्टर ने देखते हैं मौत की घोषणा कर दी गुलजारीलाल के 4 लड़कों और तीन लड़कियों का परिवार है जिनमें से 2 लड़कों और दो लड़कियों की शादी गुलजारीलाल कर चुके थे मौत की सूचना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है जानकारी पाकर अझुवा पुलिस चौकी मौके पर पहुंच गई थी शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है और गाड़ी नंबर के आधार पर पिकअप वाहन की तलाश में जुट गई है।

### ट्रैक्टर से दबकर ड्राइवर गंभीर घायल

**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सभा केन निवासी एक ट्रैक्टर ड्राइबर ट्रैक्टर उलट जाने से दबकर गंभीर घायल हो गया है घायल ड्राइवर को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है हालत गंभीर होने पर उसे प्रयागराज रेफर कर दिया गया है मामले की जानकारी मिलते ही अझुवा चौकी पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई है। जानकारी के अनुसार नानू उम्र लगभग 20 वर्ष पुत्र भैयालाल निवासी ग्राम सभा केन कोतवाली सैनी अपने निजी ट्रैक्टर से मीरा भट्ठे से ईट लादकर अपने गांव में पप्पू शाहू के यहां उतारने जा रहा था ईंटों को आगे उतारने के प्रयास में एक जगह चढ़ाई पड़ी चढ़ाई में चालक ट्रैक्टर चढ़ा रहा था इसी दौरान ट्रैक्टर उल्टा ड्राइवर के ऊपर ही उलट गया जिससे ड्राइवर नानू के सीने में ट्रैक्टर की स्टेरिंग धस गई जिस पर नानू गंभीर घायल हो गया। लोगों ने नानू को गंभीर घायल अवस्था में निकालकर नगर पंचायत अझुवा के स्थानीय अस्पताल में लाकर के दिखाया गया यहां स्थित गंभीर देखते हुए डॉक्टर ने मरीज को प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया है परिजनों में हाहाकार मचा हुआ है।



ईंट लादकर चढ़ाई चढ़ रहा ट्रैक्टर उलटा

# सशस्त्र सलामी के बीच हुआ शहीद सुधाकर सिंह का अंतिम संस्कार

**प्रतापगढ़।** आसाम चाईना बार्डर पर शहीद हुए नायब सूबेदार सुधाकर सिंह का गुरूवार को पैतृक गांव गोड़े मे सशस्त्र सलामी के बीच अंतिम संस्कार हुआ। तिरंगे मे लिपटे नायब सूबेदार सुधाकर का पार्थिव शरीर जब घर की देहरी से अंतिम संस्कार के लिए निकला तो जहां परिवार के लोग दहाड़ मारकर बिलखने लगे। वहीं जमा हजारों की भीड़ भारत माता के जयकारे लगाने लगी। सरकार की ओर से प्रदेश के जलशक्ति मंत्री महेन्द्र सिंह शहीद सुधाकर सिंह के अंतिम संस्कार मे शामिल हुए। जिलाधिकारी डा. नितिन बंसल व एसपी शिवहरि मीणा, क्षेत्रीय विधायक राजकुमार पाल, पूर्व विधायक बृजेश मिश्र सौरभ, पूर्व विधायक हरिप्रताप सिंह, पूर्व विधायक नागेन्द्र सिंह मुन्ना, बसपा नेता महेन्द्र बौद्ध, पूर्व प्रमुख शांती सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र, रवि गुप्ता, दिनेश शर्मा, कांग्रेस नेता डा. नीरज त्रिपाठी, रूरल बार के प्रदेश अध्यक्ष मुक्कू ओझा, जूनियर बार के महामंत्री जेपी मिश्र सहित तमाम हस्तियो ने शहीद



शहीद सूबेदार के अंतिम संस्कार मे जुटी भीड़

सुधाकर का अंतिम दर्शन कर पुष्पांजलि अर्पित की। बुधवार की देर शाम शहीद सुधाकर का शव सैनिक वाहन से वाराणसी से पैतृक गांव गोड़े पहुंचा। कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य प्रमोद तिवारी ने जिले के भुपियामऊ पहुंचकर शहीद सुधाकर सिंह के पार्थिव शरीर की आगवानी की थी। प्रदेश के मंत्री डा. महेन्द्र सिंह ने कहा कि वह स्वयं तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से शहीद सुधाकर की वीरता को नमन करने आये है। उन्होने कहा कि राज्य सरकार शहीद के सम्मान मे हर जरूरी कदम उठायेगी।

# डीएम ने 50 लाख से ऊपर के निर्माण कार्यो की कार्यदायी संस्थाओं के साथ की समीक्षा

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल की अध्यक्षता में कल सांयकाल विकास भवन के सभागार में अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ जनपद में 50 लाख से ऊपर के निर्माण कार्यो की समीक्षा की। उन्होने समीक्षा के दौरान कार्यदायी संस्थाओं एवं अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि जिन परियोजनाओं के निर्माण कार्य में गुणवत्ता खराब पायी जायेगी तो सम्बन्धित कार्यदायी संस्था एवं अधिकारियों का उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुये सम्बन्धित के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करायी जायेगी। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि आई0टी0आई0 लालगंज का निर्माण कार्य जो कार्यदायी संस्था आवास विकास परिषद द्वारा कराया गया है उसकी तकनीकी जांच हेतु कमेटी गठित कर जल्द से जल्द जांच करायी जाये, यदि जांच में मानक विहीन कार्य एवं अनियमितता पायी जाती है तो सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही की जाये। सेतु निगम की समीक्षा के दौरान बताया गया कि जनपद में कुल 11 सेतु बनने थे जिसमें



कार्यदायी संस्था के लोगों के साथ समीक्षा बैठक करते जिलाधिकारी

से 04 सेतुओं का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है और जो सेतु बन रहे है वहां पर जमीनी विवाद होने के कारण कार्य अधूरा है जिस पर जिलाधिकारी ने सेतु निगम के अभियन्ता को निर्देशित करते हुये कहा कि सम्बन्धित उपजिलाधिकारी से सम्पर्क कर जमीनी विवाद को समाप्त कराकर कार्य को पूर्ण कराये। प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत कराये गये निर्माण कार्यो की समीक्षा के दौरान जिला अल्पसंख्यक अधिकारी द्वारा बताया गया कि कार्यदायी संस्था द्वारा सत्यापन अभिलेख उपलब्ध नही कराये गये है, जिस पर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सत्यापन अभिलेख ससमय यदि उपलब्ध नही कराते है तो सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही हेतु शासन को पत्र प्रेषित किया जाये।

समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा किये गये घोषणा सम्बन्धी कार्यो विधानसभा क्षेत्र विश्वनाथगंज में ट्रांसमिशन सबस स्टेशन के निर्माण, नवीन पुलिस चौकी की स्थापना, नवीन पुलिस थाने की स्थापना, विधानसभा क्षेत्र प्रतापगढ़ में योग वेलनेस सेन्टर की स्थापना, राजकीय इण्टर कालेज की स्थापना, मण्डी समिति परिसर का आधुनिकीकरण, विधानसभा क्षेत्र रानीगंज में मिनी स्टेडियम के निर्माण तथा विधानसभा क्षेत्र पट्टी में पॉलीटेकनिक की स्थापना व ब्लाक मंगरौरा में राजकीय इण्टर कालेज की स्थापना की समीक्षा की। उन्होने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन परियोजनाओं में बजट की आवश्यकता हो उसके लिये शीघ्र अतिशीघ्र प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा जाये जिससे कार्य बाधित न होने पाये और निमार्णाधीन कार्यो को समयानुसार जल्द से जल्द पूर्ण किया जाये। उन्होने निर्देशित किया कि जो भी निर्माण कार्य कराये जा रहे है वह गुणवत्तायुक्त होने चाहिये, यदि निर्माण कार्यो में किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं उदासीनता बरती जायेगी तो सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 अरविन्द कुमार श्रीवास्तव सहित सम्बन्धित अधिकारी एवं कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# शहीद सुधाकर के सम्मान में न्यायिक कार्य से रहे विरत

**प्रतापगढ़।** बेल्हा के अमर शहीद लाल सुधाकर सिंह के सम्मान मे गुरूवार को यहां अधिवक्ता न्यायिक कामकाज से विरत रहे। परिसर मे अधिवक्ताओं ने शोकसभा कर मौन धारण किया और शहीद के सम्मान मे भारत माता के जयकारे लगाये। बैठक की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष अनिल महेश व संचालन पूर्व अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया। इस मौके पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिनेश सिंह, उपाध्यक्ष विनय शुक्ल, महामंत्री रामकुमार पाण्डेय, टीपी यादव, राममोहन सिंह, विकास मिश्र, संदीप सिंह, लाल राजेन्द्र सिंह, सत्येन्द्र श्रीवास्तव, संतोष पाण्डेय, विजय तिवारी, धीरेन्द्र शुक्ल, घनश्याम मिश्र, राजेश सरोज, विनोद मिश्र, दीपेन्द्र तिवारी, शिव नारायण शुक्ल, वीरेन्द्र सिंह, अनूप पाण्डेय, हेमंत पाण्डेय, मो. असलम, प्रभाकर पाल, रामकिंकर शुक्ल, प्रमोद सिंह, लाल विनोद प्रताप सिंह, विजय प्रकाश त्रिपाठी, शेष तिवारी, राकेश शुक्ल, राजेश तिवारी, हरिशंकर द्विवेदी, अमरनाथ यादव, विपिन शुक्ल, सुशील शुक्ल, देशराज यादव, कमलेश तिवारी, रामलगन यादव, कालिका प्रसाद पाण्डेय, शैलेन्द्र शुक्ल, राहुल मिश्र, संतोष सिंह रहे।

### प्रमोद व मोना ने दी श्रद्धांजलि

प्रतापगढ़। कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य प्रमोद तिवारी तथा पार्टी विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने जिले के पूरनपुर खजूर सुखईपुर निवासी आसाम राइफल्स मे तैनात सूबेदार श्यामलाल यादव के वीरगति होने पर दुख जताया है। प्रमोद तिवारी तथा विधायक मोना ने कहा कि कर्तव्य की बलिवेदी पर शहीद हुए श्यामलाल यादव ने प्रतापगढ़ के सिर को फक्र से ऊँचा किया है।

# बच्चे ही देश का भविष्य होते हैं : जिलाधिकारी

**कौशाम्बी।** डीएम अमित कुमार सिंह गुरूवार को स्पोर्ट्स स्टेडियम टेवा पहुँचे और उन्होंने 58वीं यू0पी0 एथलेटिक्स वार्षिक चैम्पियनशिप प्रतियोगिता कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। जिलाधिकारी टेंवा स्टेडियम में पहुंचकर बालक एवं बालिका वर्ग के खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि बच्चे ही देश का भविष्य होते है, मेहनत और लगन से आप सभी लोग इसी तरह के प्रतियोगिताओं में भाग लेते रहें और अपने जनपद व देश का नाम रोशन करें। जिलाधिकारी ने हैमर-थ्रो में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले बालक एवं बालिका वर्ग के खिलाडियों को प्रमाण पत्र एवं




एथलेटिक्स प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को मेडल पहनाते

मैडल देकर सम्मानित किया। बालिका वर्ग में प्रथम स्थान पाने वाली कशिश सिंह, द्वितीय स्थान पाने वाली आकांक्षा सिंधु एवं तृतीय स्थान पाने वाली निधि यादव थी। इसी तरह से बालक वर्ग में प्रथम स्थान पाने वाले मो0 अहमद, द्वितीय स्थान पाने वाले निखिल यादव एवं तृतीय स्थान पाने वाले मो0 महफूज आलम थे। इस अवसर पर क्रीडा अधिकारी सहित काफी संख्या में प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्र एवं छात्रायें उपस्थित रहीं।

### विकास खण्डों में खुली ग्रामीण खेल कूद प्रतियोगिता का होगा आयोजन

**कौशाम्बी।** जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी ने बताया कि जनपद के सभी विकास खण्ड में खुली ग्रामीण खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। जिसमें एथलेटिक्स, कबड्डी, बालीबाल, कुश्ती एवं भारोत्तोलन सहित अन्य विधाओं में जनपद के सभी प्रतिभागी प्रतिभाग कर सकते है। उन्होंने यह भी बताया कि 09 जनवरी 2021 को केशव देवी शिवनन्दन सिंह पब्लिक इंटर कालेज म्योहर में 11 जनवरी को आदर्श इंटर कालेज सरांय आकिल विकास खण्ड नेवादा में 12 जनवरी को पवन जूनियर हाईस्कूल गुवारा तैयबपुर में,12 जनवरी को गायत्री देवी जूनियर हाईस्कूल चरवा खुर्द में, 13 जनवरी को नेशनल इंटर कालेज भरवारी में, 15 जनवरी को बिहारी लाल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टेड़ीमोड़ अंदावा में एवं 16 जनवरी को ग्रामीण स्टेडियम गिरछा में खेलकूद का कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा।